C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 241 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 24 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## घटते हिंदू देश के लिए खतरा' पुष्कर में बोले धीरेंद्र शास्त्री

### धर्मांतरण के कारण गिनाए, आर्थिक और शैक्षिक सुधार पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर ।**

तीर्थराज पुष्कर में मीडिया से बातचीत के दौरान बागेश्वर धाम के कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री ने जनसंख्या, धर्म, बेटियों की भूमिका और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी।

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हिंदू समाज को अपनी जनसंख्या के प्रति जागरूक होना चाहिए और 'हिंदुओं को चार बच्चे पैदा करने चाहिए।' उन्होंने बेटियों को लेकर कहा कि वे आईएएस और आईपीएस जैसी प्रशासनिक सेवाओं में जाएं, काली और दुर्गा जैसी शक्ति का प्रतीक बनें, लेकिन सोशल मीडिया पर 'इंस्टाग्राम की नाचने वाली' बनने से बचें।

शास्त्री ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने धर्म पर गर्व होना चाहिए। 'सबके अपने-अपने विचार हैं, लेकिन सनातनियों को अपने धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। दूसरे धर्म वालों को अपनी सेवा करने दो। हिंदुओं में भगवानों की कमी नहीं है, ' देश की जनसंख्या संरचना को



लेकर चिंता जताते हुए शास्त्री ने कहा कि 'घटते हिंदू और बढ़ते मजहबी' देश को बर्बादी की ओर ले जा रहे हैं। इसे उन्होंने वैश्विक विषय बताते हुए भारत के लिए गंभीर मुद्दा बताया।

धर्मांतरण पर बोलते हुए उन्होंने आर्थिक तंगी, अशिक्षा और अंधविश्वास को प्रमुख कारण बताया। उनका कहना था कि आर्थिक रूप से संपन्न लोगों को गरीबों की सहायता करनी चाहिए, अंधविश्वास दूर करने के लिए भक्ति जरूरी है और अशिक्षा खत्म करने के लिए शिक्षा का व्यापक प्रसार होना चाहिए।

## पुरानी रंजिश में युवक की पीट-पीटकर हत्या, अस्पताल में तोड़ा दम





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**

**(गर्वित)** शहर के गुमानपुरा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पुरानी रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। 3-4 बदमाशों ने मिलकर एक युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की सरियों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

घटना रात करीब साढ़े 11 बजे की है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय धीरज सुमन उर्फ बिजली बादशाह, निवासी छावनी (गुमानपुरा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, युवक पर उसके ही परिचित बताए जा रहे 3-4 युवकों ने अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और सरियों से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घायल अवस्था में परिजन और स्थानीय लोग उसे तुरंत एमबीएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की टीम ने उपचार शुरू किया। हालांकि, हालत बेहद गंभीर होने के कारण देर रात करीब 1:30 बजे उसने दम तोड़ दिया।

प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि मृतक पूर्व में हत्या के एक मामले में करीब दो साल तक जेल में बंद रह चुका था। पुलिस को आशंका है कि इसी पुराने विवाद की रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया। हमलावर मृतक के परिचित बताए जा रहे हैं।

गुमानपुरा थाना अधिकारी महेश कारगवाल ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया है ।

## सरपंच बनें विकास के भागीरथ : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का आह्वान, शिक्षा-जल-नंदी संरक्षण पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश के गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा संदेश देते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सरपंचों से कहा कि वे केवल पंचायत प्रतिनिधि नहीं, बल्कि भारत विकास के संवाहक बनें। उन्होंने जोर देकर कहा कि गांवों का सुनियोजित और संतुलित विकास ही राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ा सकता है।

सोमवार को शहर के एक निजी होटल में आयोजित ग्राम संसद कार्यक्रम के अंतर्गत सरपंच संवाद को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान धर्म और संस्कृति की धरा है। यहां गांव-गांव में गौपालन की समृद्ध परंपरा है, ऐसे में नंदी संरक्षण के लिए भी संगठित प्रयास किए जाने चाहिए।

राज्यपाल ने सरपंचों को गांवों के विद्यालयों की स्थिति पर नियमित निगरानी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों की बौद्धिक क्षमता निर्माण की नींव है, इसलिए स्कूलों के प्रभावी संचालन और बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान




देना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बच्चों में आत्मविश्वास जागृत करने और उन्हें प्रारंभ से ही सिविल सेवा सहित उच्च पदों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता बताई।

राज्यपाल ने कहा कि ग्राम पंचायतों का दायित्व है कि वे विकास योजनाओं का लाभ सही मायनों में जरूरतमंद, वंचित और पिछड़े वर्गों तक पहुंचाएं। गांवों में जल और विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाओं की सर्वसुलभता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने पर उन्होंने जोर दिया।

उन्होंने सरपंचों से मार्ग निर्माण, सड़क, आवास और 'हर घर जल' जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

राज्यपाल ने कहा कि देश में पंचायत राज व्यवस्था की शुरुआत राजस्थान के नागौर जिले के एक गांव से हुई थी, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने पंचायत राज को ग्राम लोकतंत्रीकरण की आधारशिला बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत द्वारा गांवों के विकास के लिए शुरू की गई पहलों को भी स्मरण किया।

राज्यपाल ने पिपलांत्री पंचायत समिति में बेटियों के जन्म पर वृक्षारोपण की अनूठी परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि एक सरपंच द्वारा एक करोड़ पेड़ लगाना और उनका संरक्षण करना प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे मॉडल पूरे देश के लिए मार्गदर्शक बन सकते हैं।

उन्होंने बताया कि देश में वर्तमान में 2 लाख 55 हजार ग्राम पंचायतें हैं, जबकि राजस्थान में 11 हजार 266 ग्राम पंचायतें कार्यरत हैं। यदि इन सभी पंचायतों में विकास सर्वोच्च प्राथमिकता बने, तो भारत तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर हो सकता है।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने गांवों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्टजनों को सम्मानित भी किया और सरपंचों से आह्वान किया कि वे गांव के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति श्रद्धा और संवेदनशीलता रखते हुए कार्य करें।

## 1 साल 4 माह से फरार 5 हजार का इनामी आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुलाबपुरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साल चार माह से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मारपीट के एक प्रकरण में वांछित था और घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 25 सितंबर 2024 को मोहम्मद गनी उर्फ गनी मोहम्मद ने एक व्यक्ति को रास्ते में रोककर डरा-धमकाकर मारपीट की। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन आरोपी घटना के बाद से फरार हो गया था।

पुलिस टीम ने लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी और तकनीकी व मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद गनी उर्फ गनी मोहम्मद (45) पुत्र मीराबक्स, निवासी वार्ड नंबर 9, गुलाबपुरा निवासी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## रीको थर्ड फेज में कपड़ा फैक्ट्री के तीन गोदामों में भीषण आग, करोड़ों का नुकसान





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचंद पेसवानी ।** औद्योगिक नगरी भीलवाड़ा के रीको औद्योगिक क्षेत्र थर्ड फेज में सोमवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्कूल ड्रेस निर्माण से जुड़ी एक कपड़ा फैक्ट्री के तीन गोदामों में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और आसमान में काले धुएं का घना गुबार छा गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस हादसे में करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

प्रतापनगर थाना क्षेत्र स्थित एमडी क्रिएशन के गोदाम में शाम करीब साढ़े 4 बजे आग लगने की सूचना मिली। शुरुआत एक गोदाम से हुई, लेकिन वहां



रखी कपड़े की गांठों, तैयार माल और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और दो से तीन गोदाम इसकी चपेट में आ गए। देखते ही देखते ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं, जो दूर-दूर से दिखाई दे रही थीं। सूचना मिलते ही नगर निगम सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों की 12 दमकलें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब छः घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गनीमत रही कि घटना में अब तक किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन फैक्ट्री परिसर में रखी मशीनरी, कपड़ा और तैयार माल जलकर खाक हो गया। शुरुआती अनुमान में करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी को संभावित कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## चलती कार में लगी भीषण आग, मां-बहन को अस्पताल ले जा रहा बेटा बाल-बाल बचा

### भादू गांव के पास शॉर्ट सर्किट की आशंका, कार जलकर राख

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के मांडल थाना क्षेत्र के भादू गांव के पास सोमवार को चलती कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि चालक युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते अपनी मां और बहन को कार से बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। कुछ ही मिनटों में कार धू-धू कर जलकर राख हो गई।

जानकारी के अनुसार भादू गांव निवासी सुरेश गाडोलिया अपनी मां सोहनी देवी और बहन पूजा को बागोर अस्पताल में जांच के लिए लेकर जा रहा था। रास्ते में अचानक कार से धुआं उठता दिखाई दिया। स्थिति भांपते हुए सुरेश ने तुरंत कार को सड़क किनारे रोका और दोनों को सुरक्षित बाहर उतार दिया। तीनों के बाहर निकलते ही कार में आग तेजी से फैल गई।

सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और मांडल



थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

C M Y K

# बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े मंगलसूत्र झपटा, फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

कस्बे में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से मंगलसूत्र झपट लिया। जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी दीपाली अपनी सहेली के साथ बाजार से खरीदारी कर स्कूटी से लौट रही थी। बड़ा मंदिर चौराहे के पास पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर मंगलसूत्र तोड़ लिया और फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर लोगों ने पीछा किया, लेकिन बदमाश तेज रफ्तार में निकल गए। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ,घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# महिला से मारपीट, कपड़े फाड़े , एससी/एसटी एक्ट में मामला दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

थाना क्षेत्र के लाल का खेड़ा गांव में एक दलित महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट व अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि रविवार शाम करीब 7:30 बजे किशनपुरा निवासी प्रहलाद गुर्जर उसके घर आया। उसने उसके पति के बारे में पूछते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की, उसे जमीन पर गिरा दिया और कपड़े फाड़ दिए । इस दौरान आरोपी ने उसे गांव में बदनाम करने की धमकी दी।

पीड़िता ने बताया की घटना के दौरान , उसे बचाने आई दादी सास को भी आरोपी ने लात मारकर गिरा दिया तथा लकड़ी से हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने उसके पति के साथ भी मारपीट की, जिससे उसके हाथ और अंगुली में चोट आई। वहीं पीड़िता के हाथ और कोहनी में भी चोटें आई हैं।

वही दूसरी और पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू की है। मामले की जांच जहाजपुर डिप्टी रेवडमल मौर्य कर रहे है । मौर्य ने सोमवार को घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया तथा पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पिकअप चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गांधीनगर थाना पुलिस ने पिकअप वाहन चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी लंबे समय से वांछित चल रहा था।

पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की 17 अक्टूबर 2020 को मुश्ताक खान कायमखानी, निवासी पांसल रोड ने प्रतापनगर थाने में पिकअप चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और बताया था की पीछा करने पर आरोपी ने वाहन रोकने के बजाय एक होमगार्ड पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया और मौके से फरार हो गया। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर सेल की सहायता से लगातार प्रयास कर आरोपी दिनेश ढोली (31) पुत्र भैरूलाल ढोली, निवासी रूपाखेड़ा ढोसर, गंगापुर, भीलवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले में अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

# 12वीं सप्तम बंधेज कार्यक्रम में उमड़ा आस्था का सैलाब



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**

क्षेत्र के दोवनी गांव में आयोजित 12वीं सप्तम बंधेज धार्मिक कार्यक्रम के तहत सोमवार सुबह 8 बजे 177 जोड़ों ने एक साथ सामूहिक हवन कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए हवन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।


दिनभर कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही, जिससे पूरे गांव में मेले जैसा माहौल नजर आया। आयोजन स्थल पर लगी डोलर चकरी में बच्चों ने झूले झूलकर आनंद लिया ।

# बापू नगर जैन मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाया श्रीचंद्र प्रभु का मोक्ष कल्याणक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में सोमवार को भगवान चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि प्रातःकाल भगवान शांतिनाथ एवं पार्श्वनाथ का विधिवत अभिषेक किया गया। इसके पश्चात लक्ष्मीकांत जैन, पूनमचंद सेठी, राजेंद्र सोगानी एवं विनय कुमार जैन ने श्रद्धापूर्वक शांतिधारा संपन्न कराई।



अनुष्ठान के अगले चरण में निर्वाण कांड के पाठ के साथ भगवान चंद्रप्रभु के मोक्ष कल्याणक का स्मरण किया गया और सामूहिक रूप से निर्वाण लाडू अर्पित किए गए। मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। महिलाओं ने बधाई गीतों पर भक्ति भाव से नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

श्रावक-श्राविकाओं ने भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अर्घ्य समर्पित किए और धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

# 43.38 करोड़ की स्वीकृति अटकी, बिजोलिया उप जिला चिकित्सालय भवन निर्माण पर ब्रेक

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

बजट घोषणा के बाद उम्मीदों का केंद्र बना उप जिला चिकित्सालय अब वित्तीय स्वीकृति के अभाव में अटका हुआ है। भवन निर्माण के लिए 43 करोड़ 38 लाख रुपये की प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बावजूद राशि जारी नहीं होने से कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इस मुद्दे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को पत्र लिखकर लंबित वित्तीय स्वीकृति शीघ्र जारी करने की मांग की है।

**बजट में क्रमोन्नयन, जमीन भी आवंटित**

शर्मा ने पत्र में उल्लेख किया कि बजट वर्ष 2024 में बिजोलिया के सामुदायिक चिकित्सालय को क्रमोन्नत कर उप जिला चिकित्सालय का दर्जा दिया गया था। इसके बाद 5 सितंबर 2024 को जिला प्रशासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के समीप 15 बीघा भूमि का आवंटन कर नामांतरण भी कर दिया गया।

26 अगस्त 2025 को डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट भीलवाड़ा (डीएमएफटी) द्वारा भवन निर्माण के लिए 43.38 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई, लेकिन बजट वर्ष 2026-27 में अब तक वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

**संसाधनों की कमी का मुद्दा**



शर्मा का कहना है कि उप जिला चिकित्सालय के मानकों के अनुरूप चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था भी पूर्ण नहीं है। वर्ष 2018 से 2023 के विधायक कार्यकाल में तत्कालीन विधायक गोपाल खंडेलवाल द्वारा उपलब्ध कराई गई सोनोग्राफी मशीन तकनीशियन के अभाव में उपयोग में नहीं आ पा रही, जिससे मरीजों को जांच के लिए भीलवाड़ा और कोटा जैसे शहरों का रुख करना पड़ रहा है।

**अस्पताल प्रबंधन का दावा-सेवाएं जारी**

वहीं अस्पताल सूत्रों का दावा है कि कस्बा स्थित चिकित्सालय में सोनोग्राफी सुविधा वर्तमान में चालू है और प्रतिवर्ष करीब 1500 सोनोग्राफी की जा रही हैं। अस्पताल में सालाना लगभग 1.10 लाख ओपीडी, 12 हजार आईपीडी भर्ती, 1200 प्रसव, 100 पोस्टमार्टम और परिवार कल्याण से जुड़े ऑपरेशन नियमित रूप से हो रहे हैं।

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सीमित चिकित्सको और संसाधनों के बावजूद चिकित्सा सेवाएं निरंतर जारी हैं।

# होली से पहले बड़ी कार्रवाई: कोल्ड स्टोरेज पर छापा, 4 टन से अधिक मसाले सीज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

होली के त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत के बीच मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में सोमवार को चित्तौड़गढ़ रोड स्थित एक कोल्ड स्टोरेज पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में संदिग्ध मसाले जब्त किए। कार्रवाई के दौरान करीब चार टन से अधिक खाद्य सामग्री सीज की गई और नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में यह कार्रवाई चित्तौड़गढ़ रोड स्थित स्टार लाइट एग्रो लिमिटेड के



कोल्ड स्टोरेज पर की गई।

2300 किलो लाल मिर्च पाउडर और 1710 किलो धनिया मसाला सीज

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव के नेतृत्व में पहुंची टीम ने फर्म परिसर से 2300 किलोग्राम से अधिक लाल मिर्च पाउडर और 1710 किलोग्राम



साबुत धनिया मसाला सीज किया। इसके अलावा लगभग 400 किलोग्राम खजूर को मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

जब्त मसालों के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए अजमेर स्थित राज्य प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**'स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को नहीं बख्शेंगे '**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने बताया कि विभाग की टीम में राजवीर सिंह चारण, अंकित शर्मा, फहद खान और डॉ. गोवर्धन लाल कुम्हार शामिल रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

## 'वैश्य मित्र' योजना को गति देने, 20 हजार नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक जिला कलेक्ट्रेट स्थित सांसद जनसंवाद केंद्र में जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल काबरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 'वैश्य मित्र' योजना को प्रभावी रूप से लागू करने, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, सदस्यता विस्तार अभियान को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।




**15 हजार युवा और 5 हजार महिलाओं को जोड़ने का संकल्प**

जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल काबरा ने बताया कि संगठन विस्तार को नई दिशा देते हुए युवा एवं महिला प्रकोष्ठ को बड़े लक्ष्य सौंपे गए हैं। युवा शाखा को 15 हजार नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य दिया गया, जबकि महिला विंग को 5 हजार नई सदस्य बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। युवा जिलाध्यक्ष अंकित सोमानी ने बताया कि सदस्यता अभियान को व्यापक रूप दिया जाएगा। इसके लिए जिले को सातों विधानसभा क्षेत्रों में विभाजित कर सक्रिय टीमों का गठन प्रारंभ कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ा जा सके।

महिला जिलाध्यक्ष लीला राठी ने 5,000 नई महिलाओं को संगठन से जोड़ने का दायित्व स्वीकार करते हुए कहा कि महिलाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे समाज में उनकी भूमिका और सशक्त हो सके।

**प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों पर भी चर्चा**

प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी एवं संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी ने कहा कि 'वैश्य मित्र' योजना को योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। यह योजना समाज की एकता, समन्वय और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

मनीष बम्ब ने बताया कि आगामी 14-15 मार्च को आयोजित होने वाली प्रदेश कार्यसमिति बैठक में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई है तथा पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

संभागीय महिला अध्यक्ष मधु जाजू ने जानकारी दी कि संजय राठी को संगठन की मासिक बैठकों का नियमित आयोजन सुनिश्चित करने का दायित्व दिया गया है, ताकि समय-समय पर कार्यों की समीक्षा और भावी योजनाओं पर प्रभावी चर्चा हो सके।

उन्होंने महिला एवं युवा प्रकोष्ठ को विशेष रूप से सक्रिय करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बनाने पर बल दिया।

**समाज उत्थान का लिया सामूहिक संकल्प**

बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती और सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

बैठक में जिला महामंत्री ललित अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रकाश पोरवाल, महेश खंडेलवाल, संजय राठी, गोपाल सोनी, प्रतिभा मानसिंहका सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## ठाकुरजी के संग महिलाओं ने खेली फाग, भाविप का फाग उत्सव संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा



**(गोपाल)।** भारत विकास परिषद की भोजरास शाखा द्वारा महिला संयोजिका कल्पना मालपानी के सानिध्य में अजमेरा भवन में फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण के चित्रपट पर फूल एवं गुलाल का तिलक लगाकर की गई।

महिला संयोजिका ने फाग उत्सव का महत्व बताते हुए सभी महिलाओं को पारंपरिक उत्सवों से जुड़े रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में परिषद की महिलाओं के साथ ग्रामीण महिलाओं की भी सहभागिता रही। सभी ने सामूहिक रूप से कृष्ण भजनों की प्रस्तुति दी और भजनों पर सुंदर नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर टीना मालपानी, कैलाश देवी टेलर, रेखा अजमेरा, कृष्णा अजमेरा, ज्योति टेलर, आशा टेलर, मधु गहलोत, अनीता गहलोत, भावना अजमेरा, राधा मालपानी, राजी गोस्वामी सहित कई मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

## सर्राफा बाजार पर निगम का सख्त एक्शन, रैंप-सीढ़ियां टूटीं, टिन शेड हटे , दो हफ्ते से जारी है अतिक्रमण हटाओ अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए नगर निगम ने सोमवार को भी सख्त कार्रवाई जारी रखी। लगातार दो सप्ताह से चल रहे अभियान के तहत निगम की टीम भीमगंज थाना क्षेत्र स्थित सर्राफा बाजार पहुंची और सड़क व फुटपाथ पर फैले अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान जेसीबी की मदद से अवैध रैंप और सीढ़ियां तोड़ी गईं, जबकि कई स्थानों से टिन शेड, चादरें, बोर्ड व होर्डिंग हटाए गए।

पुराना और घनी आबादी वाला सर्राफा बाजार संकरी गलियों के कारण पहले ही दबाव में था। दुकानों के बाहर सामान और अस्थायी निर्माण के चलते चारपहिया तो दूर, दोपहिया वाहनों की आवाजाही भी बाधित हो रही थी। निगम अधिकारियों का कहना है कि व्यापारियों को पूर्व में निर्धारित सीमा में ही सामान रखने के निर्देश दिए थे। सोमवार को तय कार्यक्रम के अनुसार कार्रवाई की गई।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# 'सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ' अभियानः नगर पालिका आसींद की वार्ड-वार विशेष मुहिम

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की गाइडलाइंस के तहत नगर पालिका ने शहर के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान शुरू किया है। 'सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ' थीम पर चल रहे इस अभियान में पालिका की टीमों ने वार्डों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक सफाई कार्य कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।


अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के विभिन्न आयामों की जानकारी दी गई। 'स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस और स्वच्छ शौचालय' के मूल मंत्र पर जोर देते हुए टीमों ने नालियों की सफाई, जल निकायों को कचरा मुक्त रखने और जलभराव रोकने के उपायों पर विशेष ध्यान दिया। उद्देश्य है कि गंदगी और ठहरे पानी से फैलने वाली बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

अधिशासी अधिकारी विकास कुमावत और एईएन प्रवीण कुमार के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान में लोगों से अपील की गई कि वे कचरा निर्धारित स्थान या कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें तथा बारिश के पानी को एकत्र न होने दें, ताकि मच्छरों का प्रजनन रोका जा सके। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है।

अभियान के तहत पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों और अन्नपूर्णा रसोई के आसपास भी गहन सफाई की गई। सड़कों से कचरा हटाने के लिए जेसीबी और ट्रैक्टरों का उपयोग किया गया, वहीं महिला कर्मचारियों ने सार्वजनिक परिसरों और छतों पर झाड़ू लगाकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की।

## हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान हुआ भीलवाड़ा, सनातन मंगल महोत्सव के पांचवें दिन संतों का सान्निध्य

# भागवत कथा में गोवर्धन पूजा प्रसंग, दीक्षार्थियों को मिला आशीर्वाद; बुधवार को निकलेगी सनातन एकता शोभायात्रा





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचन्द पेसवानी** हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के पांचवें दिन सोमवार को आध्यात्मिक वातावरण और अधिक भक्तिमय हो उठा। स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्य महाराज (श्री रैवासा वृन्दावन धाम) का दिव्य सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजित श्रीधाम वृन्दावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुन्दर पाराशर का अभिनंदन कर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का श्रवण किया।

**श्रीकृष्ण बाल लीलाओं से भावविभोर हुआ पंडाल**

कथा के दौरान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पूजा प्रसंग का अत्यंत रसपूर्ण और भावनात्मक वर्णन किया गया। श्रद्धालु कथा श्रवण में तल्लीन नजर आए। इस अवसर पर छप्पन भोग की भव्य एवं मनोहारी झांकी सजाई गई, जिसने भक्तों को वृन्दावन की अनुभूति कराई।

आश्रम पहुंचने पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज, महंत स्वरूपदास, महंत हनुमानराम उदासीन सहित संत-महात्माओं एवं विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्य का पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।




**'भगवान की कथा ही भगवान की प्राप्ति है '**

स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्य महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि भगवान का नाम, रूप, लीला और धाम ये चारों सच्चिदानंद स्वरूप हैं। भगवान की कथा और भगवान की प्राप्ति में कोई भेद नहीं है। कथा श्रवण से वही फल प्राप्त होता है जो प्रभु चरणों में समर्पण से मिलता है। उन्होंने भीलवाड़ा वासियों को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि ऐसी दिव्य कथा सुनना परम पुण्य का कार्य है।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज ने कहा कि आपके प्रथम आगमन से वर्षों की अभिलाषा पूर्ण हुई है। उन्होंने आयोजन के उद्देश्य एवं चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों की जानकारी देते हुए इसे कलिकाल का अद्वितीय उत्सव बताया। इस अवसर पर दीक्षा ग्रहण करने जा रहे इन्द्रदेव, सिद्धार्थ एवं कुनाल का परिचय भी कराया गया, जिन्हें महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया।

**पुरुषार्थ से मिलती है प्रभु कृपा**

कथा व्यास डॉ. श्यामसुन्दर पाराशर ने कहा कि बिना प्रबल पुरुषार्थ के भगवान की कृपा संभव नहीं। 'कर्म हम करते हैं, कृपा हरि करते हैं' इस सूत्र को समझाते हुए उन्होंने संतों के श्राप को भी कल्याणकारी बताया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावमय वर्णन करते हुए गौसेवा और गौरक्षा का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन पहली रोटी गाय और अंतिम रोटी श्वान के लिए अवश्य निकालनी चाहिए।

पांचवें दिवस की आरती में संगम ग्रुप के चेयरमैन उद्योगपति रामपाल सोनी सहित विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन 25 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक होगा। छठे दिन महारास एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग का वाचन किया जाएगा।

**अखण्ड हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान आश्रम**

महोत्सव के अंतर्गत विश्व कल्याण एवं सर्वमंगल की भावना से धार्मिक अनुष्ठान निरंतर जारी हैं। वृन्दावन से आए 16 कलाकार चैतन्यदास के नेतृत्व में आश्रम के मुख्य द्वार के समीप अखण्ड हरिनाम संकीर्तन कर रहे हैं। तीन-तीन घंटे की पारियों में यह संकीर्तन अनवरत चल रहा है।

प्रतिदिन पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ, शतचण्डी पाठ, अखण्ड श्रीमद्भगवद्गीता पाठ, श्रीरामचरितमानस पाठ, श्रीचंद सिद्धांत सागर पाठ तथा अखण्ड श्रीरामनाम संकीर्तन संपन्न हो रहे हैं। काशी के यज्ञाचार्य कामेश्वरनाथ तिवारी के सानिध्य में विद्वानों द्वारा यज्ञ एवं चारों वेदों का पारायण किया जा रहा है। सायं 7 बजे रासलीला तथा शाम 6 बजे काशी की तर्ज पर गंगा आरती में सैकड़ों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

**25 फरवरी को संत दर्शन एवं भव्य शोभायात्रा**

सनातन मंगल महोत्सव के तहत 25 फरवरी बुधवार को सुबह 8 बजे संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा अयोध्यानगर शहीद चौक (दूधाधारी मंदिर) से प्रारंभ होकर नगर परिक्रमा करते हुए हरि शेवा उदासीन आश्रम पहुंचेगी। इसमें तीनों दीक्षार्थी, संत-महापुरुष एवं नगर की प्रभात फेरी मंडलियां शामिल होंगी। हजारों श्रद्धालु इस शोभायात्रा में सहभागी बनकर सनातन एकता और धार्मिक समरसता का संदेश देंगे।

# सुरेश बम्ब जैन प्रबुद्ध मंच के जिला अध्यक्ष नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सकल जैन समाज को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकजुट करने की परिकल्पना को साकार रूप देते हुए जिले में जैन प्रबुद्ध मंच ट्रस्ट का गठन किया गया है। ट्रस्ट के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन (पांड्या) ने सुरेश जैन बम्ब को भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेश बंब ने बताया कि समाज की डिजिटल पहचान को सशक्त बनाने की दिशा में 'जैनत्व ऐप' लॉन्च किया गया है। यह ऐप समाजजनों को एक मंच पर जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनेगा, जिसके जरिए धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों की नवीनतम जानकारी सहज उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि ऐप में जैन श्रावक कार्ड जैसी विशेष सुविधा भी जोड़ी गई है, जिससे प्रत्येक श्रावक को डिजिटल पहचान मिलेगी। साथ ही सामाजिक पंच व्यवस्था की सुविधा के माध्यम से छोटे-बड़े विवादों का समाधान समाज स्तर पर सौहार्दपूर्ण तरीके से किया जा सकेगा।



# पर्यावरण संरक्षण को लेकर रैली व जागरूकता कैंप आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**( रमेश गुर्जर )** तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा सोमवार को पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के विषय पर जागरूकता रैली एवं शिविरों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति सबा परवीन कागजी के नेतृत्व में किया गया। उनके निर्देशन में अधिवक्ताओं एवं पीएलवी सदस्यों की टीम ने रैली निकालकर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।



रैली का शुभारंभ संस्कार भारती स्कूल से किया गया, जिसमें विंध्यावली स्कूल एवं माँ भारती स्कूल के छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण शामिल हुए। तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव गोपेश कुमार शर्मा, पीएलवी रामबाबू माथुर, अंजली नायक, गोपाल पाराशर व सुनीता नायक सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

रैली के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा सब्जी मंडी के बाहर, पंचायत चौक, रोडवेज बस स्टैंड, बालाजी चौराहा एवं न्यायालय परिसर के बाहर कुल पांच स्थानों पर कैंप आयोजित किए गए। इन शिविरों में प्रदूषण के दुष्प्रभाव, कचरा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण में नागरिकों की भूमिका तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का समापन न्यायालय परिसर के बाहर अध्यक्ष सबा परवीन कागजी द्वारा किया गया। इस अवसर पर लगभग 200 लाभार्थी उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती की तैयारियों को लेकर मारुति नंदन सेवा समिति की बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

श्री मारुति नंदन सेवा समिति द्वारा आगामी हनुमान जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई । बैठक हरनी महादेव स्थित चामुंडा माता मंदिर परिसर में संपन्न हुई, जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाजजन शामिल हुए।



समिति के अध्यक्ष महीपत सिंह हाड़ा ने बताया कि हनुमान जयंती का पर्व धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए महिलाओं की भागीदारी, सहयोग एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया।

निर्णय लिया गया कि हनुमान जयंती के अवसर पर अखाड़ों के प्रदर्शन, बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों एवं सजे-धजे रथ के साथ बालाजी महाराज की भव्य रेली निकाली जाएगी। शोभायात्रा को आकर्षक एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गई।

बैठक में समिति के सदस्य रवि पाल, कीर्तिपाल सिंह, कुंदन सिंह बड़दौड़, अरुण सिंह पंवार, मोनू जैन, चंदन सिंह, युवराज सिंह, शंकर वैष्णव, नारायण धोबी, हेमेन्द्र सिंह, दुर्गेश सिंह सहित सभी वार्डों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फिजिशियन के अभाव में बुजुर्गों की सेहत पर संकट

## आरजीएचएस दवाइयां नहीं लिखे जाने से पेंशनर वर्ग परेशान, वरिष्ठ नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** शाहपुरा जिला चिकित्सालय में लंबे समय से फिजिशियन के अभाव के चलते वरिष्ठ नागरिकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरजीएचएस योजना के तहत दवा व उपचार के लिए प्रतिदिन अस्पताल पहुंचने वाले बुजुर्गों को इलाज के बजाय निराशा हाथ लग रही है। आरोप है कि अन्य चिकित्सक आरजीएचएस की दवाइयां नहीं लिख रहे, जिससे पेंशनर वर्ग दवा के लिए भटकने को मजबूर है।



वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि एक ओर रामाश्रय वार्ड के निर्माण का प्रचार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर वहां उपचार के लिए फिजिशियन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में वार्ड की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

समस्या के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को वरिष्ठ नागरिक संस्थान के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में संस्थान के सचिव कैलाश वर्मा, ललित चौहान, जगदीश प्रसाद जोशी, राधेश्याम मूंदड़ा, दिनेश तोलबिया, लादूलाल माली, भगवान, शिव जोशी, दिनेश सुखपाल, शिव शंकर शर्मा, गोपाल बोहरा और ओमप्रकाश ओझा (सेवानिवृत्त तहसीलदार) सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर पीएमओ डॉ. अशोक जैन को भी स्थिति से अवगत कराया। साथ ही उपखंड अधिकारी कार्यालय में भी ज्ञापन देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

वरिष्ठ नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र फिजिशियन की नियुक्ति नहीं की गई और आरजीएचएस की दवाइयां नियमित रूप से लिखना शुरू नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा।

वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि वे आर्थिक और शारीरिक दोनों स्तरों पर परेशानी झेल रहे हैं। अब प्रशासन से अपेक्षा है कि बुजुर्गों की सेहत को प्राथमिकता देते हुए ठोस कदम उठाए जाएं।

# अरविंद की पेंसिल कला बनी चर्चा का विषय

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**

तहसील के कुंडिया कला गांव के युवा कलाकार अरविंद सुथार पुत्र स्व. महावीर सुथार अपनी रियलिस्टिक पेंसिल स्केच कला के लिए चर्चा में हैं। वे ऐसे चित्र बनाते हैं जो बिल्कुल असली फोटो जैसे नजर आते हैं।

अरविंद ने हाल ही में भीलवाड़ा एसपी को उनका स्केच भेंट किया। वे अब तक कई प्रसिद्ध व्यक्तियों और धार्मिक चित्रों के स्केच बना चुके हैं। उनकी बारीकी और जीवंत चित्रण शैली को देखते हुए क्षेत्र में उनकी कला की सराहना हो रही है और भविष्य में उनसे बड़ी उम्मीदें जताई जा रही हैं।



# देवनारायण मंदिर में पंचकुंडीय महायज्ञ, 22 जोड़ों ने दी आहुति

## आज प्रसादी व पूर्णाहुति के साथ होगा समापन



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

उपखण्ड क्षेत्र के गेणोली गांव स्थित देवनारायण भगवान मंदिर में चल रहे पंचकुंडीय महायज्ञ में श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ रही है। महायज्ञ के दौरान यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां दी गईं।

पंडित मोनू गौड़ फलासिया ने बताया कि सप्तमी बंधेज के अवसर पर 22 जोड़ों ने उपवास रखकर देवनारायण मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा यज्ञ में भाग लिया। आचार्य कालु नाथ ने बताया कि सभी 22 जोड़ों ने यज्ञशाला में आहुतियां देकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

महायज्ञ का समापन आज दोपहर प्रसादी वितरण एवं पूर्णाहुति के साथ होगा।

# जुड़ का नाका बांध व नहर की मरम्मत की मांग

## क्षतिग्रस्त बांध से किसानों को नुकसान, जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**( मानव तिवाड़ी )** उपखंड क्षेत्र के लक्ष्मीखेड़ा ग्राम पंचायत स्थित गोवर्धनपुरा गांव के निकट बने जुड़ का नाका बांध एवं उससे जुड़ी नहर की मरम्मत करवाने की मांग को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि सिंचाई परियोजना के तहत वर्ष 1992 में डीपीआर तैयार होने के बाद 1995 में बांध का निर्माण कार्य शुरू हुआ और 1998 में पूर्ण हुआ। बांध की कुल भराव क्षमता 28 फीट है। इसके कमांड क्षेत्र में चैनपुरिया, गोरधनपुरा एवं बांका गांव की 716 हेक्टेयर भूमि आरक्षित है, जिसमें नदी-नालों को हटाने के बाद करीब 567 हेक्टेयर (लगभग 3500 बीघा) भूमि काश्त योग्य है।

ज्ञापन में बताया गया कि पिछले 8-9 वर्षों से बांध क्षतिग्रस्त है और चादर से लगातार रिसाव होने के कारण पानी नहीं रुक पा रहा है। साथ ही नहर भी कई स्थानों पर टूटी हुई है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पा रही। परिणामस्वरूप खेत बंजर होते जा रहे हैं और किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट गहराता जा रहा है। कई किसान पलायन के लिए मजबूर हैं।

शिवसेना (यूबीटी) तहसील इकाई के तहसील प्रमुख रामफूल धाकड़ ने जिला कलेक्टर से शीघ्र मरम्मत कार्य के आदेश जारी कर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की है। इस दौरान शिवसेना जिला प्रमुख आशीष जोशी, गोपाल शर्मा सहित कई शिवसैनिक मौजूद रहे।

## QUICK BITES

# कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिल वितरण, चेहरे खिले

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**(नरेश धाकड़)।** उपखंड क्षेत्र के सदा राम जी का खेड़ा स्थित स्थानीय विद्यालय में सत्र 2025-26 की कक्षा 9 की छात्राओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय की 10 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं।

साइकिल प्राप्त करते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। वक्ताओं ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। इससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और ड्रॉपआउट दर में भी कमी आएगी।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश चन्द मीणा, पंचायत प्रशासक एवं सरपंच कैलाश चन्द्र धाकड़, भामाशाह गोपाल धाकड़, प्रभारी सुभाष चन्द्र, रघुवीर प्रसाद शर्मा (शा.शि.), प्रह्लाद स्वर्णकार (व्याख्याता), गोपाल लाल धाकड़ (अध्यापक), प्रभुलाल मीणा (व.अ.) सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाहपुरा की मासिक गोष्ठी संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**(किशन)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाहपुरा इकाई की मासिक साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन अध्यक्ष तेजपाल उपाध्याय की अध्यक्षता एवं सोमेश्वर व्यास के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विष्णु दत्त शर्मा 'विकल' की सरस्वती वंदना से हुई।

गोष्ठी में सोमेश्वर व्यास, डॉ. कमलेश पाराशर, जयदेव जोशी, भँवर 'भड़ाका', सी.ए. अशोक बोहरा, डॉ. परमेश्वर कुमावत 'परम', ओम माली 'अंगारा', तेजपाल उपाध्याय, बालकृष्ण जोशी 'बीरा', दर्शन शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा 'विकल', आशुतोष सिंह सौदा तथा योगेंद्र शर्मा (मथुरा) ने कविता, व्यंग्य, भजन, गीत व ग़ज़ल की प्रस्तुतियाँ दीं। राजस्थानी और हिंदी रचनाओं से सजी गोष्ठी में वसंत, पर्यावरण, समरसता, जीवन दर्शन व समकालीन विषयों पर सृजन हुआ। अंत में गोष्ठी की विवेचना विष्णु दत्त शर्मा 'विकल' ने की।

# श्री निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के तहसील अध्यक्ष बने रामफूल धाकड़

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**( नरेश धाकड़)** श्री निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट द्वारा संगठन विस्तार के तहत महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। ट्रस्ट के महन्त श्री मोहन शरण शास्त्री ने बिजोलिया तहसील अध्यक्ष पद पर रामफूल धाकड़ को नियुक्त किया है।

नियुक्ति के अवसर पर महन्त मोहन शरण शास्त्री ने आशा व्यक्त की कि रामफूल धाकड़ अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए ट्रस्ट की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेंगे।

ट्रस्ट द्वारा आगामी दिनों में अखिल भारतीय सकल हिन्दू समाज का विराट सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की जिम्मेदारी भी नव-नियुक्त तहसील अध्यक्ष रामफूल धाकड़ को सौंपी गई है।

कार्यक्रम के दौरान आशीष जोशी, गोपी दादा, रणजीत सिंह, आर.के. अरोड़ा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 9-15 अप्रैल तक भीलवाड़ा में शिव महापुराण कथा

## आयोजन को लेकर बैठक, विभिन्न समितियों का होगा गठन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



9 से 15 अप्रैल तक धर्मनगरी भीलवाड़ा में प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से पहली बार शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। तैयारियों को लेकर संकटमोचन हनुमान मंदिर परिसर में महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता विधायक अशोक कोठारी ने की।

बैठक में बताया गया कि आयोजन आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड पर होगा। व्यवस्थाओं के लिए शीघ्र ही विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पार्किंग व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के सुझाव दिए।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।